AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

कॅरिअर संग समाज को भी बढ़ाएं

लविवि के सोशल वर्क में मेधावियों के मेडल वितरण समारोह में वेलफेयर एंड सेस कमिश्नर ने रखे विचार

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। विद्यार्थी अपने व्यवसायिक कॅरियर के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व को भी निभाएं। आज आपको जो मेडल मिला है, इस मेडल के अनुरूप खुद को प्रमाणित भी करें। यह बातें कहीं विजय कुमार वेलफेयर एंड सेस कमिश्नर (सेंट्रल) प्रयागराज व लखनऊ मंडल ने। वे लखनऊ विश्वविद्यालय के सोशल वर्क विभाग द्वारा आयोजित मेडल वितरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मैं भी यहां का छात्र रहा हूं और अभी भी विभाग से लगाव बना है। आप सब भी यहां से जाने के बाद यहां की बेहतरी के लिए प्रयास करेंगे। बताया कि मुझे जानकारी नहीं थी कि मेरी मां के नाम से यहां मेडल चलता है। काफी बाद में जब मैं यहां आया तो इसके बारे में पता चला। कार्यक्रम में अनामिका बाजपेई को चार मेडल विज्ञान रत्न डॉ. लक्ष्मण प्रसाद गोल्डन जुबली गोल्ड पदक, श्री रामचंद्र कृष्ण गोल्ड पदक, राज मोहिनी स्याल गोल्ड पदक, विमला आनंद मेमोरियल गोल्ड पदक शामिल हैं।

वहीं, मुदुलिका शर्मा को श्रीमती रेशम देवी मौर्य गोल्ड पदक, सोनल को श्री चौधरी बाबूराम नंबरदार व श्रीमती तुलसा देवी मेमोरियल गोल्ड पदक, कर्नल आशीष नौटियाल को लेट राय साहब एमपी श्रीवास्तव गोल्ड पदक से सम्मानित किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने हेड के रूप में एक साल पूरे होने पर वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन शोधार्थी तंजीला सिद्दीकी ने किया। इस अवसर डीन कला संकाय प्रो. शशी शुक्ला, प्रो. राजकुमार सिंह, डॉ. गरिमा सिंह उपस्थित थे।

लविवि में आयोजित समारोह में छात्र-छात्राओं को डिग्री दी गई। -संवाद

सेना हर स्थिति के लिए करती है तैयार



1993 में कमीशन मिला और आर्मी ज्वॉइन की। अभी केरल में पोस्टेड हूं। जॉब मिलने के बाद पूणे मिलिट्री कॉलेज से बीटेक और एमटेक गुजरात से किया। जम्मू कश्मीर में भी तैनात था। इसके बाद दो साल की स्टडी लीव ली, लविवि से डिजास्टर मैनेजमेंट में पीजी डिप्लोमा किया। वहीं, पीजी डिप्लोमा इन सोशल डयूटी एंड ह्यूमन राइटस में आज गोल्ड मेडल मिला है। जॉब के साथ पढ़ाई का उद्देश्य थ्योरी नॉलेज लेना है। आज पुलवामा शहीद दिवस पर शहीदों को नमन है। मेरा मानना है कि आर्मी सोचने का तरीका बदल देती है। हम एक एसओपी से काम करते हैं। आर्मी हर समय व मौके के लिए तैयार करती है। इंदिरानगर में निवास है और पत्नी चारू नौटियाल को भी 2000 में लविवि से एमए इन पब्लिक एड में गोल्ड मेडल मिला था।
- कर्नल आशीष नौटियाल

प्राथमिक शिक्षा ही आधार, इसे मजबूत करना जरूरी

पीजी के बाद सिविल सर्विस की तैयारी कर रही हूं। आईएएस बनकर बच्चों की शिक्षा, समाज की बेहतरी, महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए काम करना चाहती हूं। प्राथमिक शिक्षा ही फाउंडेशन है, यह जितना अच्छा होगा, आगे उतना ही बेहतर होगा। इसके लिए ही काम करूंगी। विभाग में पढ़ाई के दौरान ग्राउंड लेवल पर जाकर काम करने और बहुत कुछ सीखने का मौका मिला। पहले शिक्षक डांटते थे तो अच्छा नहीं लगता था, लेकिन आज महसूस हो रहा है कि शिक्षक हमें अच्छा करने के लिए प्रेरित करते थे। आज चार गोल्ड पाकर बहुत खुशी हो रही है। **- अनामिका, मास्टर इन सोशल वर्क**

लविवि: इंटर डिपार्टमेंटल के सभी पेपर एक ही दिन

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने तकनीकी समस्या को देखते हुए विवि व सहयुक्त कॉलेजों में एमए तीसरे सेमेस्टर में इंटर डिपार्टमेंटल परीक्षा के पेपर एक ही दिन एक ही पाली में आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसका संशोधित कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है। वहीं, महाराजा बिजली पासी राजकीय डिग्री कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र भी संशोधित कर एपीसेन बनाया गया है।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि चूंकि एमए तीसरे सेमेस्टर में इंटर डिपार्टमेंटल विषयों के पेपर एक ही होते हैं लेकिन कुछ विषयों में इसे पहली पाली व कुछ में दूसरी पाली में निर्धारित कर दिया गया था। जो तकनीकी रूप से ठीक नहीं था। इसे देखते हुए इसमें बदलाव किया गया है। बताया कि कला संकाय के जिन विषयों में इंटर डिपार्टमेंटल की परीक्षाएं 17 फरवरी को आयोजित की जानी है। वह सभी शाम की पाली में दोपहर 2 से 5 बजे के बीच आयोजित की जाएंगी।

सभी केंद्राध्यक्ष लिखित उत्तर पुस्तिकाओं की अलग-अलग विषयों के पैकेज विवि को भेजेंगे। कला संकाय एमए की अन्य सभी विषयों की परीक्षाएं घोषित कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित समय व स्थान पर होंगी। उन्होंने बताया कि एमएससी केमेस्ट्री के विद्यार्थियों ने परीक्षा फार्म नहीं भर पाने की दिक्कत बताई थी। जिसे दोपहर में ही ठीक करा दिया गया। अब विद्यार्थी निर्बाध रूप से आवेदन कर पा रहे हैं।

पीजी तीसरे सेमेस्टर के कार्यक्रम में किया संशोधन

एमएड तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम संशोधित

लखनऊ विवि प्रशासन ने एमएड तीसरे सेमेस्टर के परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 17 से 28 फरवरी तक आयोजित होंगी। जबकि एमएड तीसरे सेमेस्टर (बैक पेपर, इंप्रूवमेंट, छूटे छात्रों) की परीक्षा 17 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

बीए ऑनर्स राजनीति विज्ञान की परीक्षा 19 से

लखनऊ विवि व सहयुक्त महाविद्यालयों में बीए ऑनर्स राजनीति विज्ञान तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं का कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है। विवि प्रशासन के अनुसार तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 19 फरवरी से 4 मार्च तक और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित की जाएंगी।

NBT PAGE 6

अनामिक बाजपेई को मिले चार पदक

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी के सोशल वर्क विभाग की ओर से सोमवार को पदक वितरण समारोह हुआ। कार्यक्रम में अनामिका बाजपेई को एक साथ चार पदक से सम्मानित किया गया, जिसमें विज्ञान रत्न डॉ. लक्ष्मण प्रसाद गोल्डन जुबली गोल्ड पदक ,श्री रामचंद्र कृष्ण गोल्ड पदक , राज मोहिनी स्याल गोल्ड पदक, विमला आनंद मेमोरियल गोल्ड पदक मुख्य रहे। मुदुलिका शर्मा को श्रीमती रेशम देवी मौर्य गोल्ड पदक से सम्मानित किया गया। सोनल को श्री चौधरी बाबूराम नंबरदार एवं श्रीमती तुलसा देवी मेमोरियल गोल्ड पदक व कर्नल आशीष नौटियाल को लेट राय साहब एमपी श्रीवास्तव गोल्ड पदक से सम्मानित किया गया। रसायन विज्ञान विभाग में मेहनाज नईम को दो स्वर्ण पदक दिए गए।

काफी विद वीसी: प्लेसमेंट के सुधार पर हुई चर्चा

■ एनबीटी, लखनऊः एलयू में विद्यार्थियों के साथ सामंजस्य बनाने के उद्देश्य से कुलपति की ओर से चलाए जा रहे 'काफी विद वीसी' कार्यक्रम के तहत सोमवार को बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के छात्रों को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के साथ बातचीत करने का अक्सर मिला। प्रो. आलोक कुमार राय ने छात्रों को उनकी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से प्लेसमेंट में सुधार करने के विभिन्न तरीकों का सुझाव दिया और उद्यमिता का लाभ उठाने के तरीकों पर मार्गदर्शन किया। संवाद में छात्रों ने अधिक औद्योगिक यात्राओं और औद्योगिक इंटरफेस का सुझाव दिया। जिस पर वीसी ने चर्चा करने और निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

रसायन-समाज कार्य के मेधावियों को मिले मेडल

लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को मेधावियों का सम्मान किया गया।

एलयू

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के सोशल वर्क विभाग द्वारा सोमवार को पदक वितरण समारोह आयोजित किया गया। संचालन शोधार्थी तंजीला सिद्दीकी ने किया। विभागाध्यक्ष प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने मुख्य अतिथि वेलफेयर एवं शेष कमिश्नर सेंट्रल प्रयागराज व लखनऊ मंडल विजय कुमार और कला संकाय की अधिष्ठाता प्रो. शशि शुक्ला का स्वागत किया। विभाग की तकिका डॉ.गरिमा सिंह ने सभी मेधावियों को पदक लेने के लिए बुलाया।

विभाग की पीजी छात्रा अनामिका बाजपेई को यहां चार गोल्ड मेडल मिले। इसमें विज्ञान रत्न डॉ. लक्ष्मण प्रसाद गोल्डन जुबली गोल्ड मेडल, श्री रामचंद्र कृष्ण गोल्ड मेडल, राज मोहिनी स्याल गोल्ड मेडल, विमला आनंद मेमोरियल गोल्ड मेडल शामिल हैं। इसी श्रृंखला में मुदुलिका शर्मा को श्रीमती रेशम देवी मौर्य गोल्ड पदक से सम्मानित किया गया। वहीं सोनल को श्री चौधरी बाबूराम नंबरदार एवं श्रीमती तुलसा देवी मेमोरियल गोल्ड पदक मिला। मेधावियों में सबसे वरिष्ठ कर्नल आशीष नौटियाल को लेट राय साहब एमपी श्रीवास्तव गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विजय कुमार ने अपने विचार साझा किए।

रसायन विज्ञान में दिए गए दो पदक

रसायन विज्ञान विभाग में पदक वितरण समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. कुमेर सिंह, डीन, विज्ञान संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय थे। यहां मेहनाज नईम को दो स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। पहला पदक मैकमोहन स्वर्ण पदक था और दूसरा खन्ना स्वर्ण पदक था। वीसी-विद्या पदक अनुराग मिश्रा को एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर में सुपरमॉलिक्यूलर-बायोइनऑर्गेनिक कैमिस्ट्री में उच्चतम अंक प्राप्त करने के लिए दिया गया। प्रो. अनूप सेठी, प्रो. अनिल मिश्रा मौजूद थे।

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू:पटकथा लेखन के पाठ्यक्रम शुरू होंगे

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बहुत जल्द सिनेमैटोग्राफी और पटकथा लेखन के कोर्स शुरू किए जाएंगे।

यह घोषणा उस कार्यक्रम में की गई जिसमें निर्माता-निर्देशक डॉ. कीर्ति कुमार विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं से संवाद करने पहुंचे थे। विवि के एकेडमिक स्टाफ कॉलेज में सांस्कृतिकी बोर्ड व शिक्षाशास्त्र संकाय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. कीर्ति कुमार ने छात्रों को सिनेमा जगत की बारीकियां, अपनी कुछ फिल्मों के उदाहरण देते हुए समझाई।

उन्होंने कहा कि सिनेमा का हमारे समाज पर निश्चित रूप से अत्यंत प्रभाव रहा है। वर्तमान युग में सिनेमा के माध्यम से नैतिकता एवं मुल्यों की चर्चा बहुत जरूरी है।

प्रबंधन के छात्रों से मिले कुलपति

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में डीन स्टूडेंट वेलफेयर के तत्वावधान में आयोजित 'कॉफी विद वीसी' की दूसरी श्रृंखला में सोमवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के छात्रों से मुलाकात की। इस संवाद कार्यक्रम में अनिमेश और आकृति बर्मन ने एमबीए फाइनल ईयर का प्रतिनिधित्व किया।

केमेस्ट्री में भी मेधावियों को मिला मेडल

माई सिटी रिपोर्टर

मेहनाज नईम को दो मैकमोहन स्वर्ण पदक व खन्ना स्वर्ण पदक, अनुराग मिश्रा को शीतला विद्या पदक दिया गया

लखनऊ। लखनऊ विवि में सोमवार को रसायन विज्ञान विभाग में भी पदक वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डीन साइंस प्रो. बृजेंद्र सिंह ने मेहनाज नईम को दो मैकमोहन स्वर्ण पदक व खन्ना स्वर्ण पदक दिया। यह पदक एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थी को रसायन विज्ञान में उच्चतम अंक प्राप्त करने पर दिया गया। वहीं, अनुराग मिश्रा को शीतला विद्या पदक दिया गया। एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर में सुपर मॉलीक्यूलर और बायो इनऑर्गेनिक केमिस्ट्री में उच्चतम अंक प्राप्त करने पर यह पदक दिया गया। सेठी, प्रो. अनिल मिश्रा, डॉ. अमृता श्रीवास्तव उपस्थित थे।

लखनऊ विवि में सोमवार को रसायन विज्ञान विभाग में भी हुआ पदक वितरण। -संवाद

पढ़ाई ऐसी हो जो समझ आए

कोविड में पढ़ाई और कोर्स पूरा करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन शिक्षकों के सहयोग ने इसे आसान बना दिया। अभी गेट और नेट की तैयारी कर रही हूं। मैं प्रोफेसर बनकर बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास करूंगी। मेरा मानना है कि पढ़ाई ऐसी हो जो समझ में आए। शोध के क्षेत्र में और बेहतर काम होना चाहिए। **- मेहनाज नईम**

आईएएस बनकर करूंगा काम

एमएससी के बाद मैं सिविल सर्विस की तैयारी कर रहा हूं। आईएएस बनकर मेरा लक्ष्य ग्रामीण परिवेश में बेहतरी के लिए काम करना है। वर्तमान परिस्थितियों में बेहतर व्यवस्था न होने से काफी किसान पलायन कर शहरों की ओर भाग रहे हैं। सिंचाई की सुविधा बेहतर करना होगा। पिता सुरेंद्र मिश्रा शिक्षक हैं, जिनसे काफी कुछ सीखने को मिला है। **- अनुराग मिश्रा**

i-NEXT PAGE 4

लखनऊ विवि : सिनेमेटोग्राफी व स्क्रिप्ट लेखन पर शुरू करेगा कोर्स

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय जल्द ही अपने छात्रों के लिए सिनेमेटोग्राफी व स्क्रिप्ट लेखन पर एक रोजगारपरक कोर्स शुरू करेगा। इसका उद्देश्य नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) के अनुसार विद्यार्थियों को रोजगार के लिए तैयार करना व वोकेशनल चीजों की ट्रेनिंग देना भी है। इसी क्रम में सोमवार को फिल्म अभिनेता गोविंद के भाई व अभिनेता डॉ. कीर्ति कुमार का विशेष व्याख्यान भी आयोजित किया गया। 'मूल्यपरक सिनेमा और सिनेमा में भविष्य' विषयक कार्यक्रम में उन्होंने विद्यार्थियों को इसकी बारीकियों से अवगत कराया। (माई सिटी रिपोर्टर)

अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार बनेगी पिच

लखनऊ। लखनऊ विवि के विद्यार्थियों के लिए खुशखबरी है। यहां के विद्यार्थियों को अब क्रिकेट की बेहतर पिच प्रैक्टिस करने के लिए मिलेगी। अभी तक यहां इसकी सुविधा नहीं है। सोमवार को एथलेटिक्स एसोसिएशन की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार पिच तैयार की जाएगी। साथ ही इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन कोर्ट का भी निर्माण किया जाएगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

i-NEXT PAGE 4

विज्ञान रत्न अवार्ड अनामिका को

सामाज कार्य विभाग की ओर से मेधा सम्मान समारोह का आयोजन

एमएससी केमिस्ट्री के दो विद्यार्थियों को भी मिले स्वर्ण पदक

LUCKNOW (14 Feb): लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग की ओर से सोमवार को हरिकृष्ण अवस्थी सभागार में पदक वितरण समारोह आयोजन किया गया। इसमें छात्रा अनामिका बाजपेई विज्ञान रत्न डा. लक्ष्मण प्रसाद गोल्डन जुबली स्वर्ण पदक, श्री रामचंद्र कृष्ण स्वर्ण पदक, राज मोहिनी स्याल स्वर्ण पदक, विमला आनंद मेमोरियल स्वर्ण पदक समेत चार पदक से सम्मानित किया गया. मुदुलिका शर्मा को रेशम देवी मौर्य गोल्ड पदक, सोनल को चौधरी बाबूराम नंबरदार व तुलसा देवी मेमोरियल गोल्ड पदक व कर्नल आशीष नौटियाल को लेट राय साहब एमपी श्रीवास्तव गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि व वेलफेयर एवं शेष कमिश्नर सेंट्रल प्रयागराज एवं लखनऊ मंडल विजय कुमार, कला संकाय की अधिष्ठाता प्रो. शशी शुक्ला, प्रो. राजकुमार सिंह, संचालिका शोधार्थी तंजीला सिद्दीकी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे.

दो मेधावियों को दो स्वर्ण पदक

विश्वविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग में पदक वितरण समारोह का आयोजन हुआ. इस अवसर पर अधिष्ठाता विज्ञान संकाय प्रो. बृजेंद्र सिंह ने दो मेधावियों को तीन स्वर्ण पदक और उपाधि देकर सम्मानित किया. इनमें बायो इन आर्गेनिक एंड सुप्रा मालिक्यूलर केमिस्ट्री में अधिक अंक के लिए एमएससी के चौथे सेमेस्टर के छात्र अनुराग मिश्रा को शीतला विद्या मेमोरियल स्वर्ण पदक दिया गया.

सबने दी बधाई

छात्रा मेहनाज नईम को दूसरे और चौथे सेमेस्टर में केमिस्ट्री में सर्वाधिक अंकों के लिए मैक मोहन स्वर्ण पदक और आरआर खन्ना स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया. इस अवसर पर विभाग के हेड प्रो. अरुण सेठी, प्रो. अनिल मिश्रा, डा. ज्वाय सरकार, प्रो. आभा विश्नोई, डा. अमृता श्रीवास्तव डा. संगीता श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षकों ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई दी.

"अच्छे अंक लाने के लिए स्ट्रैटजी बनाकर तैयारी की थी. अधिक अंक के लिए स्वर्ण पदक मिलना खुशी की बात है. सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहा हूं. इससे समाज के लिए कुछ अच्छा किया जा सकता है.
अनुराग मिश्रा, स्वर्ण पदक

"अदूसरे और चौथे सेमेस्टर में केमिस्ट्री में अधिक अंकों के लिए दो स्वर्ण पदक मिले है. मेरे और परिवार के लिए बड़ी खुशी है. नेट की तैयारी कर रही हूं. फिर पीएचडी करके आर्गेनिक केमिस्ट्री में शोध करना है. पापा मो. नईम बिजनेस करते हैं. मां शौकत आरा गृहणी हैं.
मेहनाज नईम, दो स्वर्ण पदक

लवि : अनामिका को मिले चार स्वर्ण पदक

एम.एस-सी केमिस्ट्री के दो विद्यार्थियों को भी मिले पदक, समाज कार्य विभाग में समारोह का आयोजन

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग की ओर से सोमवार को हरिकृष्ण अवस्थी सभागार में पदक वितरण समारोह आयोजन किया गया। इसमें छात्रा अनामिका बाजपेई विज्ञान रत्न डा. लक्ष्मण प्रसाद गोल्डन जुबली स्वर्ण पदक, श्री रामचंद्र कृष्ण स्वर्ण पदक, राज मोहिनी स्याल स्वर्ण पदक, विमला आनंद मेमोरियल स्वर्ण पदक समेत चार पदक से सम्मानित किया गया।

मुदुलिका शर्मा को रेशम देवी मौर्य गोल्ड पदक, सोनल को चौधरी बाबूराम नंबरदार एवं तुलसा देवी मेमोरियल गोल्ड पदक व कर्नल आशीष नौटियाल को लेट राय साहब एमपी श्रीवास्तव गोल्ड मेडल दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व वेलफेयर एवं शेष कमिश्नर एंड लखनऊ मंडल विजय कुमार, कला संकाय की अधिष्ठाता प्रो. शशी शुक्ला, प्रो. राजकुमार सिंह, संचालिका शोधार्थी तंजीला सिद्दीकी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं, छात्रा मेहनाज नईम को दूसरे और चौथे सेमेस्टर में केमिस्ट्री में सर्वाधिक अंकों के लिए मैक मोहन स्वर्ण पदक और आरआर खन्ना स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभाग के हेड प्रो. अरुण सेठी, प्रो. अनिल मिश्रा, डा. ज्वाय सरकार, प्रो. आभा विश्नोई, डा. अमृता श्रीवास्तव डा. संगीता श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षकों ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई दी।

लखनऊ विश्वविद्यालय के राजा रमन्ना मुख्यर्जी हॉल में सोशल वर्क विभाग द्वारा आयोजित समारोह में डिग्री पाने वाले विद्यार्थी • जागरण

रसायन शास्त्र विभाग में सर्वाधिक अंकों के लिए मेहनाज नईम और अनुराग मिश्रा को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया • सोजन्य : लवि

"अच्छे अंक लाने के लिए स्ट्रैटजी बनाकर तैयारी की थी। अधिक अंक के लिए स्वर्ण पदक मिलना खुशी की बात है। सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहा हूं। इससे समाज के लिए कुछ अच्छा किया जा सकता है।
अनुराग मिश्रा, स्वर्ण पदक

दूसरे और चौथे सेमेस्टर में केमिस्ट्री में अधिक अंकों के लिए दो स्वर्ण पदक मिले हैं। मैं बहुत खुश हूं। नेट की तैयारी कर रही हूं। फिर पीएचडी करके आर्गेनिक केमिस्ट्री में शोध करना है। पापा मो. नईम बिजनेस करते हैं। मां शौकत आरा गृहणी हैं।
मेहनाज नईम, दो स्वर्ण पदक

लवि : एमएड तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा तिथियों में बदलाव

लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को एमएड तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं की तिथियों में थोड़ा बदलाव कर दिया है। परीक्षाएं 17 से 28 फरवरी तक होंगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट एलयूओएमुनिस डाट एसी डाट इन पर संशोधित परीक्षा कार्यक्रम देख सकते है। परीक्षा का समय सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक रहेगा।

वे हैं शेड्यूल: एमएड तीसरा सेमेस्टर-17 फरवरी : एजुकेशन फार हेपीनेस/अंडरस्टेंडिंग द सेल्फ, 21 फरवरी-सोशियोलाजिकल फाउंडेशन आफ एजुकेशन, 24 फरवरी-रिसर्च इन एजुकेशन-डेटा एनालिसिस एंड रिपोर्ट एनाबेल्ड राइटिंग, 26 फरवरी-ग्रुप ए-एलीमेंट्री एजुकेशन-एजुकेशनल मैनेजमेंट, ग्रुप-बी सेकेंडरी एजुकेशन-एजुकेशनल मैनेजमेंट, ग्रुपसी-हायर एजुकेशन-मेजरमेंट एंड इवैल्यूएशन। एमपीएड तीसरा सेमेस्टर (बैक पेपर, इंप्रूवमेंट,एजेंमेंटेड) : 17 जनवरी-सोशियोलाजिकल फाउंडेशन आफ एजुकेशन, 21फरवरी-रिसर्च इन एजुकेशन-डाटा एनालिसिस एंड रिपोर्ट एनाबेल्ड राइटिंग, 24 फरवरी-आइसीटी एनाबिल्ड एजुकेशन, 26 फरवरी-आजमत ग्रुप ए-एलीमेंट्री एजुकेशन, ए-3 एजुकेशन मैनेजमेंट, बी-सेकेंट्री एजुकेशन बी-3 एजुकेशनल मैनेजमेंट, सी-हायर एजुकेशन सी-3 एजुकेशनल मैनेजमेंट, 28 फरवरी-ए-एलीमेंट्री एजुकेशन, बी-सेकेंड्री एजुकेशन, सी-हायर एजुकेशन सी-4 मेजरमेंट एंड इवैल्यूएशन।

17 को दूसरी पाली में होंगे इंटर डिपार्टमेंटल एग्जाम

LUCKNOW (14 Feb): लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक (एमए) तृतीय सेमेस्टर दिसंबर-2021 की इंटर डिपार्टमेंटल परीक्षाओं के लिए समय निर्धारित कर दिया है. ये परीक्षाएं 17 फरवरी को दोपहर दो से शाम पांच बजे तक पाठ्यक्रमवार निर्धारित विभागों व परीक्षा केंद्रों पर होंगी. सोमवार को परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को विस्तृत निर्देश जारी किए हैं.

एलयू ने एमए तीसरे सेमेस्टर की इंटर डिपार्टमेंटल परीक्षाओं के लिए तय किया समय

पहले दो पाली में एग्जाम की थी योजना

दरअसल, एलयू ने अपने यहां नई शिक्षा नीति-2020 लागू की है. इसके तहत परास्नातक में इंटर डिपार्टमेंटल पेपर की व्यवस्था है. कोई भी छात्र अपने विषयों के साथ दूसरे विभाग का कोई भी एक विषय पढ़ सकता है. परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि इंटर डिपार्टमेंटल पेपर की परीक्षाएं पहले दो पाली में कराने की योजना थी.

दूर हुई समस्या, डाउनलोड होने लगे प्रवेश पत्र

17 फरवरी से होने वाली परास्नातक तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं के प्रवेश पत्र डाउनलोड होने की समस्या मंगलवार को दूर हो गई. परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि सर्वर की दिक्कत के चलते प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं हो पा रहे थे. अब विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट <द्ध>222.द्यद्मह्लद्ध1.ड्डष्द्बह्ल से इसे प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं.

ताकि न हो दिक्कत

लखनऊ यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि इसको चलते किसी विद्यार्थी को समस्या न हो इसलिए सभी जगह परीक्षा का समय 17 फरवरी को दोपहर दो से शाम पांच बजे तक तय किया गया है. सभी केंद्र अध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि वे उत्तर पुस्तिकाओं के अलग-अलग पैकेट विश्वविद्यालय को भेजेंगे. कला संकाय (एमए) की अन्य सभी विषयों की परीक्षाएं अपने घोषित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित समय व स्थान पर आयोजित की जाएंगी.

शुरू होगा सिनेमेटोग्राफी व स्क्रिप्ट राइटिंग कोर्स

LUCKNOW (14 Feb): लखनऊ विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक बोर्ड और शिक्षा शास्त्र संकाय ने सोमवार को संयुक्त रूप से 'भविष्य के लिए मूल्यपरक सिनेमा' विषय पर आधारित व्याख्यान आयोजित किया गया. बतौर मुख्य अतिथि बालीवुड अभिनेता गोविंदा के भाई एवं निर्देशक डा. कीर्ति कुमार और कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय भी उपस्थित रहे.

समाज पर पड़ता सिनेमा का प्रभाव

डॉ. कीर्ति कुमार ने कहा कि सिनेमा का हमारे समाज पर निश्चित रूप से बहुत प्रभाव पड़ता है. वर्तमान युग में सिनेमा के माध्यम से नैतिकता एवं मूल्यों पर चर्चा बहुत जरूरी है. सिनेमा इन मूल्यों को विकसित करने में सहयोगी हो सकता है. इस अवसर पर उन्होंने कई श्लोक के माध्यम से कर्म, संयम और एकाग्रता का महत्व भी बताया. साथ ही अपनी फिल्मों जैसे राधा का संगम, आंटी नंबर-1, हत्या, नसीब आदि के क्लिप भी दिखाए. कार्यक्रम के अंत में प्रो. राकेश चंद्रा ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के लिए सिनेमेटोग्राफी व स्क्रिप्ट लेखन पर आधारित रोजगारपरक कोर्स शुरू करेगा, ताकि विद्यार्थी इस क्षेत्र में भी अपना करियर बना सकें. इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन और प्रो. तृप्ता त्रिवेदी भी उपस्थित रहीं.

THE PIONEER PAGE 3

Students have coffee with VC

Lucknow (PNS): The second round of 'Coffee with VC', organised under the aegis of the dean of student welfare on Monday, was an opportunity for students of Business Administration to converse with Lucknow University Vice-Chancellor AK Rai. 'Coffee with VC' is an initiative of Rai to connect with students and listen to their views on various issues and concerns related to the academic ecosystem.

"This dialogue building exercise is an endeavour to discern the perception and choices of Gen Zers. Today's students are more aware and conscious of their aspirations and expectations from higher education in terms of student experience, scholarship, and employability. Moreover, with the changing nature of work and skill sets in the digital age, mutual understanding and alignment of policy formulation and implementation to benefit stakeholders is imperative to sustenance and growth in higher education. This drive is a unique platform to create such an experience and build on it," DSW Poonam Tandon said.

She said that in the pursuit of strengthening student centric academic ecosystem, 'Coffee with VC' gives students and the VC an opportunity to interact on different aspects to improve academic system and structure, which paves the way for addressing student concerns. "The initiative is an approach to inculcate values of NEP 2020, which are flexibility, integration, inclusiveness, and accessibility for holistic and sustained development of the institution and its stakeholders," Tandon said.

Animesh and Akriti Barman represented MBA (final year), Palak Gupta & Kush Saxena (MBA, first year), and Harsh Vardhan & Jawaad Majidi from PhD (department of Business Administration) had a dialogue with the VC.

Rai suggested the students various ways to improve placements through their active participation and also guided them on ways to leverage entrepreneurship. The students suggested more industrial visits and industrial interface besides the need to strengthen IT infrastructure.

'काफी विद वीसी' में विद्यार्थियों ने कुलपति को दिए सुझाव

पलक, कुश सक्सेना हार्वर्धन और जवाद ने अपनी बात रखी कुलपति ने प्लेसमेंट में सुधार करने के विभिन्न तरीके बताए

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में डीन स्टूडेंट वेलफेयर के तत्वावधान में सोमवार को 'काफी विद वीसी' कार्यक्रम का दूसरा चरण आयोजित हुआ। इस बार बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के विद्यार्थियों को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के साथ बातचीत कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर मिला।

इस अवसर पर अनिमेष और आकृति बर्मन ने एमबीए अंतिम वर्ष का प्रतिनिधित्व किया। पलक गुप्ता, कुश सक्सेना ने एमबीए प्रथम वर्ष और हर्षवर्धन, जवाद मजीदी ने पीएचडी व्यवसाय प्रशासन विभाग की ओर से अपनी बात रखी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने छात्रों को उनकी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से प्लेसमेंट में सुधार करने के विभिन्न तरीके बताए। साथ ही उद्यमिता का लाभ उठाने के तरीकों पर मार्गदर्शन किया। संवाद में छात्रों ने अधिक औद्योगिक यात्राओं और औद्योगिक इंटरफेस का सुझाव दिया। उन्होंने आईटी के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की आवश्यकता का भी सु